शाहजहांपुर पुलिस

112 आपात सेवाएं

प्रेस नोट सरहानीय कार्य दिनांक 03.10.24

जनपदीय एसओजी, सर्विलांस सेल व थाना रोजा पुलिस की संयुक्त टीम को मिली बड़ी सफालता

जनपदीय एसओजी, सर्विलांस सेल व थाना रोजा पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय 04 अभियुक्तगण को कुल 08 किलो 354 ग्राम अवैध अफीम(अन्तर्राष्ट्रीय बाजार कीमत लगभग 25 लाख रुपये) के साथ गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के कुशल निर्देशन , श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर व श्रीमान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल प्रयवेक्षण मे गठित टीम के सदस्य प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मय फोर्स, एसओजी व सर्विलांस सेल शाहजहाँपुर की संयुक्त टीम द्वारा आपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे आज दिनांक 03/10/2024 को समय सुबह करीब 08.15 बजे मुखबिर की सूचना पर **अटसलिया पुल के उतारा बरेली हाईवे के किनारे सड़क पर** 04 व्यक्तियों को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर जिनके कब्जे से 08 किलो 354 ग्राम अवैध अफीम व 04 अदद मोबाइल फोन (03 एन्ड्राइड व 01 कीपैड), एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड , एक पर्स , 04 अदद बैग व कुल 7555/- रूपये नकद बरामद किये गये। अभियुक्तगण के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

संक्षिप्त विवरण : -

दिनांक 03/10/2024 को मुखबिर की सूचना पर मादक पदार्थ तस्करी करने वाले 04 व्यक्तियों को अटसलिया पुल के उतारा बरेली हाईवे के किनारे सड़क पर समय करीब सुबह 08.15 बजे गिरफ्तार किया गया। पकडे गये व्यक्तियों से नाम पता पूछने हुए जामा तलाशी ली गयी तो पहले व्यक्ति ने अपना नाम योगेन्द्र कुमार पुत्र दोमन महतो निवासी ग्राम हेवई थाना केरेडारी जनपद हजारीबाग (झारखण्ड) उम्र करीब 35 वर्ष बताया , जिसकी जामा तलाशी से एक अदद मोबाइल कीपैड नोकिया बरामद हुआ तथा बायीं जेब से 2210/- रूपये नकद बरामद हुए तथा कन्धे पर लटके पिट्ठू बैग से 2.636 किग्रा0 अफीम बरामद हुई तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम रामजीवन कुमार पुत्र बुद्धन दांगी निवासी ग्राम दोढ़ी मंधनिया थाना मयूरहण्ड जिला चतरा (झारखण्ड) उम्र करीब 23 वर्ष बताया जिसकी जामा तलाशी से पहने पैन्ट की दाहिने जेब से एक अदद मोबाइल एन्ड्रायड OPPO मोबाइल फोन, एक पैनकार्ड तथा बायीं जेब से 1730/- रूपये नकद बरामद हुए तथा कन्धे पर लटके पिट्ठू बैग से 2.200 किग्रा0 अफीम बरामद हुई तथा तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम बब्लू कुमार पुत्र दिनेश दांगी निवासी कस्बा व थाना गिद्धौर जिला चतरा (झारखण्ड) उम्र करीब 25 वर्ष बताया जिसकी जामा तलाशी से पहने पैन्ट की दाहिने जेब से एक अदद मोबाइल एन्ड्रायड तथा बायीं जेब से 1275/- रूपये नकद बरामद हुए तथा कन्धे पर लटके पिट्ठू बैग से 2.492 ग्राम अफीम बरामद हुई तथा चौथे व्यक्ति ने अपना नाम अरविन्द कुमार पुत्र रामौतार निवासी ग्राम सलेमाबाद पटटी गुलचम्पा मैचक थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 38 वर्ष बताया जिसकी जामा तलाशी से पहने पैन्ट की दाहिने जेब से एक अदद मोबाइल एन्ड्रायड VIVO तथा बायीं जेब से एक ब्राउन रंग का पर्स जिसमे 2340/- रूपये नकद व एक आधार बरामद हुए तथा कन्धे पर लटके पिट्ठू बैग से 1.026 किग्रा0 अफीम बरामद हुई।

गिरफ्तार अभियुक्तगण : -

1. योगेन्द्र कुमार पुत्र दोमन महतो निवासी ग्राम हेवई थाना केरेडारी जनपद हजारीबाग (झारखण्ड) उम्र करीब 35 वर्ष।

2. रामजीवन कुमार पुत्र बुद्धन दांगी निवासी ग्राम दोढ़ी मंधनिया थाना मयूरहण्ड जिला चतरा (झारखण्ड) उम्र करीब 23 वर्ष

3. बब्लू कुमार पुत्र दिनेश दांगी निवासी कस्बा व थाना गिद्धौर जिला चतरा (झारखण्ड) उम्र करीब 25 वर्ष

4. अरविन्द कुमार पुत्र रामौतार निवासी ग्राम सलेमाबाद पटटी गुलचम्पा मैचक थाना तिलहर जनपद शाहजहांपुर उम्र करीब 38 वर्ष

पंजीकृत अभियोग :-

1. मु0अ0स0 615/24 धारा 8/18 NDPS ACT थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर

गिरफ्तारी का स्थान व समयः-

दिनांक 03/10/2024 को समय सुबह करीब 08.15 बजे पर अटसलिया पुल के उतारा बरेली हाईवे के किनारे सड़क पर

गिरफ्तार पूछताछ :-

बरामद अफीम के बारे मे चारो अभियुक्तों से पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि हम लोग झारखण्ड से अफीम ले आते हैं वहां हमे सस्ते दामों मे मिल जाती है , जिसे हम दिल्ली व उसके आस पास के इलाकों मे बेच देते हैं। यह अफीम भी हम झारखंड से लाये है, लखनऊ बस से दिल्ली जा रहे थे कि बस मे कुछ खराबी आ गयी जिस कारण दूसरी बस का इन्तजार कर रहे थे, तभी आप लोगों ने हमे पकड़ लिया।

बरामदगी : -

1. 08 किलो 354 ग्राम अवैध अफीम।
2. 04 अदद मोबाइल फोन (03 एन्ड्राइड व 01 कीपैड)
3. एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड , एक पर्स , 04 अदद पीट्ठू बैग
4. कुल 7555/- रूपये नकद

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :-

(थाना रोजा पुलिस)

1. प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार
2. व0उ0नि0 जुगुल किशोर पाल
3. उ0नि0 राजेश कुमार
4. रि0उ0नि0 चन्द्रपाल सिह
5. हे0का0 नरेश कुमार
6. का0 2333 रिंकू कुमार
7. का0 लोकेन्द्र सिह

(एसओजी टीम)

1. SOG प्रभारी श्री धर्मेन्द्र कुमार
2. हे0का0 369 सुशील कुमार शर्मा
3. हे0का0 467 खालिद हुसैन
4. हे0का0 157 उदयवीर सिंह
5. हे0का0 241 रामसंजीवन
6. हे0का0 249 विपिन कुमार
7. हे0का0 586 दिलीप कुमार
8. का0 1943 कमल

सर्विलांस सेल टीम

1. का0 शिवम कुमार
2. का0 प्रभात चौधरी
3. का0 सचिन कुमार
4. का0 मुकुल खोखर